Rajkiya Mahavidyalaya Amori(Champawat)

Email: gdcamori@gmail.com Website: www.gdcamori.in

ई0डी0पी0 प्रशिक्षण कार्यक्रम –रिर्पोट–06, दिनांक 24–02–2024

दिनांक 24–02–2024 को महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 12 दिवसीय ई0डी0पी0 प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रम में महाविद्यालय में छठवें दिवस कार्यक्रम का प्रारम्भ प्राचार्य डॉ0 अजिता दीक्षित की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुआ। उद्यमी श्री पंकज तिवारी के द्वारा उपस्थिति व अन्य औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए प्रशिक्षण कार्य का संचालन किया गया। मुख्य प्रशिक्षक साइनिका डेका व जुबनयन सेकिया के द्वारा आनलाइन जुड़कर फूड प्रोसेसिंग जैसे केले के चिप्स, अरबी का आचार, बांस का अचार की विधियां व आय अर्जन के तरीकों को समझाया गया। नवाचार पर प्रशिक्षु नीमा भट्ट के द्वारा सेकिया जी से संवाद करते हुए क्षेत्रीय उत्पाद आंवला व अदरख के कैन्डी बनाने का विचार प्रकट किया और विभिन्न विधियों पर जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षु ओम प्रकाश जोशी के द्वारा मशरूम उत्पाद पर बात की गयी। प्रशिक्षक सेकिया ने प्रोडक्सन व मार्केटिंग, ब्राडिंग तथा मार्केट में आगे बढ़नें की विधियों से परिचित कराया। प्रशिक्षु नीमा गोस्वामी के द्वारा केले के चिप्स के बारे, पूजा भट्ट के द्वारा अरबी व बांस का अचार बनाने की विधियों के बारे में तथा बालकृष्ण भट्ट ने डेरी फार्मिंग के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा संवाद करते हुए बताया कि दूध से दही, मक्खन, क्रीम आदि का उत्पादन करके उद्यम करेंगे। बबीता चौहान के द्वारा घास से झाड़ू बनाने तथा टिकाऊ झाड़ू बनाने की विधियां पर संवाद किया। रश्मि भट्ट ने बूरांश जूश पर, निर्मला विष्ट ने बिच्छु घास से होली में कलर बनाकर व्यापार करने पर जानकारी प्राप्त की। देवेन्द्र सिंह नेगी के द्वारा गाय के गोबर से धूपबत्ती व कीट पतंग को भगाने के लिए क्वाइन बनाने के बारे में बात की। श्री पंकज तिवारी के द्वारा रिगांल उत्पाद व उपयोगिता के बारे में सभी को प्रशिक्षित किया। सभी प्रतिभागी/प्रशिक्षु बहुत ही उर्जा के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किये। रिर्पोटिंग कार्य में नीमा भट्ट व ओम प्रकाश जोशी, प्रशिक्षण कार्य की फोटों वीडियों बनाने में प्रशिक्षु देवेन्द्र सिंह नेगी ने सहयोग किया। श्री अतुल कुमार मिश्र फैकल्टी सदस्य देवभूमि उद्यमिता के द्वारा पर्यवेक्षण कार्य किया गया। इस दौरान प्रत्येक दिवस की तरह प्रशिक्षुओं व प्रशिक्षकों को दोपहर का लन्च उपलब्ध कराया गया। श्री दशरथ बोहरा, श्री महेश लाल, श्री दिनेश चन्द्र सिंह रावत ने भी आवश्यक सहयोग किया।



डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता
नोडल अधिकारी, देवभूमि उद्यमिता योजना
राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी (चम्पावत)

प्राचार्य
डॉ0 अजिता दीक्षित
राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी (चम्पावत)